कार्यालय, महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।

पत्रांकः सेवा–1(प्रशा०–विविध)/4632-33/स्क्रीनिंग परीक्षा/2023–24, दिनांकः 07 दिसम्बर, 2024

"विज्ञप्ति"

उत्तराखण्ड प्रदेश के अटल उत्कृष्ट राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता एवं स०अ०, एल०टी० के पदों पर तैनाती/व्यवस्था हेतु राज्य के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रवक्ता एवं स०अ०, एल०टी० से अपने–अपने संवर्ग/विषय के सापेक्ष आवेदन करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

अटल उत्कृष्ट, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता एवं स०अ०, एल०.टी० के पदों पर तैनाती उत्तराखण्ड शासन, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–1157/XXIV-B-1/2021(01)/2020, दिनांक 17 मार्च, 2021 एवं 1613/XXIV-B-1/21-02(01)/2020 TC-1, दिनांक 23 जुलाई, 2021 के अनुसार स्क्रीनिंग समिति द्वारा स्क्रीनिंग परीक्षा के माध्यम से की जायेगी। उक्त स्क्रीनिंग परीक्षा हेतु राज्य के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सम्बन्धित संवर्ग के अध्यापक ही पात्र होंगे। आवेदनकर्ता अंग्रेजी माध्यम से पठन–पाठन संवाद करने में सक्षम हो एवं आवेदक की आयु **दिनांक 31 दिसम्बर, 2024** को 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। आवेदनकर्ता www.schooleducation.uk.gov.in पर दिये गये आवेदन प्रारूप पर आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्र दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक कार्यालय महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून में केवल अपराह्न 05 बजे तक ही पंजीकृत डाक से ही स्वीकार्य होंगे।

(झरना कमठान)
महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड।

पृ०सं०: सेवा–1(प्रशा०–विविध)/4632-33 /स्क्रीनिंग परीक्षा/2023–24, दिनांकः– उक्ताँकित्।

प्रतिलिपिः–1. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 08–12–2024. के उत्तराखण्ड संस्करण में जिसका राज्य के दोनों मण्डलों में व्यापक प्रचार–प्रसार हो, डी०ए०वी०पी० दरों पर 12cm x 8cm में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा बिल भुगतान हेतु कार्यालय महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड को दो प्रतियों में विज्ञप्ति की प्रति सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2. एम०आई०एस० अधिकारी, महानिदेशालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित, कि वह सामान्य निर्देश, शासनादेश, रिक्ति का विवरण, विज्ञप्ति तथा आवदेन फार्म की PDF File विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड की वेबसाइट पर विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि दिनांक 08 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(झरना कमठान)
महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड।